(SHRI HANS RAJ BHARDWAJ): Madam, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Indian Contract Act, 1872.

The question was put and the motion was introduced.

SHRI HANS RAJ BHARDWAJ: Madam, I introduce the Bill.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENTS ADDRESS—Contd.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Babul Reddy—Not here. Shri Darbara Singh.

श्री दरबारा सिंह (पंजाब) : उपसभापति महोदया, सबसे पहले मेरे सामने कोई है ही नहीं जिसको मैं बातें सुना सकूं ।

श्री मिर्जा इर्शादबेग (गुजरात) : रास्ता साफ है ।

श्री दरबारा सिंह : मुझे रास्ता साफ नहीं चाहिये । हमारे सामने प्रेजीडेंट आफ इण्डिया ने जो एड्रेस दिया है उसकी सबसे बड़ी अहमियत इस बात की है कि उन्होंने साफ तौर पर आज की पोजीशन जो है उसको जाहिर किया है बिला इस लिहाज के कि वह किस को भाती है, किस को ठीक नहीं लगती है । सबसे ज्यादा जो हमारे देश में हम सब पर असर हुआ है वह सूखे का असर हुआ है खुशकसाली का असर हुआ है । इस सूखे की भयंकर समस्या से निपटने के लिए इस सरकार ने जो कुछ किया है वह एक ऐसी अवस्था है जिसमें हमने कभी भी ऐसा सूखा नहीं देखा और इतने अधिक लोगों पर इस सूखे का असर हुआ है चाहे वह राजस्थान के लोग हों या गुजरात के हों या किसी दूसरे सूबे के हों । सबसे ज्यादा सूखे की वजह से नुकसान हुआ है लेकिन मैं समझता हूं कि एक भी आदमी इस सूखे के कारण अन्न की कमी की वजह से मरा नहीं है । ठीक है, हमारे हालात खराब हुए हैं बहुत सा रुपया जो लोगों की दूसरी बेहतरी के लिए काम आ सकता था वह लोगों को खुराक पहुंचाने के लिए लग गया इसलिए मैं यह कह देना चाहता हूं कि एक भी आदमी खुराक की वजह से मरा नहीं है । अपनी लाइफ टाईम की जिन्दगी में किसी की मौत हो गई हो लेकिन खुराक न मिलने की वजह से कोई नहीं मरा । तो इस सूखे की समस्या को दूर करने के लिए सरकार ने जो इतना अच्छा काम किया है मैं समझता हूं इतना बड़ा सूखा पहले कभी नहीं हुआ और गवर्नमेंट ने भी इतनी बड़ी मदद की है । मैं इसलिए यह कहना चाहता हूं कि हमें यह समझना चाहिये कि यह देश बहुत बड़ा है और इस देश में जितना रुपया इस बात के लिए खर्च किया गया है वह रुपया दूसरे डवलपमेंट के कामों के लिए काम आ सकता था । मैं एक तजवीज देना चाहता हूं । यह मुश्किल हमेशा न बनी रहे, कभी हमारे यहां बाढ़ आती है, कभी सूखा पड़ जाता है, मेरा सुझाव यह है कि इसके लिए एक स्थायी बन्दोबस्त करने की जरूरत है और इसके लिए जितने भी हमारे देश में दरिया है उनके लिए एक हमें गारलैंड कैनाल बनानी चाहिये जहां ज्यादा पानी है वहां से उस क्षेत्र में पानी भेजा जा सके जहां पर पानी नहीं मिल रहा है । लेकिन यह बड़ी लम्बी स्कीम है । लेकिन इस स्कीम को चालू करने की जरूरत है । जरूरत इसलिए है कि हर साल हम जो ड्राउट पर, फ्लड्स पर पैसा खर्च करते हैं क्यों न हम तजवीज करें कि वह पैसा लगातार खर्च किया जाता रहे इस बात के लिए कि हमारे सारे दरियाओं को इकठ्ठा करके उनका एक ऐसा कैनाल सिस्टम बना दें कि जहां जरूरत पड़े वहां पानी जाये, जहां जरूरत नहीं है वहां से निकालकर दूसरी तरफ भेजा जा सके । यह एक बहुत लम्बी स्कीम है जो हमारे पिछले इरीगेशन के मिनिस्टर थे उन्होंने इसकी तजवीज बनायी थी । इसको आगे बढ़ाने की जरूरत है ।

मुझे एक और चीज की भी खेद है । परेशानी इस बात की है कि हिंदुस्तान में जो डिस्ट्रक्टिव फोर्सेज हैं जो इसको तोड़ना चाहती है वे कहीं न कहीं किसी न किसी जगह सिर उठा रही है । यही नहीं वे रीजन के नाम पर, लैंग्वेज के नाम पर या सूबे के नाम पर किसी न किसी तरह से ऐसी बातें आगे बढ़ा रही हैं कि जिससे

हमें मालूम पड़ता है कि ये ताकतें किसी न किसी शह पर, बाहर की शह पर या अंदर की शह पर पैसे के लिए इस तरह की कई चीजें आगे बढ़ा रही हैं। मैं कहना चाहता हूं कि फाइनेंस मिनिस्टर एक हमारे यहां से जो निकल गये उन्होंने जो कहा है वह कितनी डिस्ट्रक्टिव बात है। यह बात मैं आपकी नोटिस में लाना चाहता हूं। उन्होंने यह कहा कि रिफरेंडम श्रीलंका में करवाया है हिन्दुस्तान की सरकार ने, अब यह रिफरेंडम श्रीनगर में हो जाये तो क्या होगा। मेरा मतलब यह है कि उनको भड़काने के लिए, उनको शह देने के लिए यह है। क्या यह कोई नेशनल आउटलूक है, नहीं बल्कि यह एण्टी नेशनल आउटलूक उन लोगों का है जो ऐसी बातें बढ़ा रहे हैं, हमें दिखाते हैं। ये वही लोग हैं जो प्राइममिनिस्टर को कहते थे कि हम वफादार हैं। वह हमारा लीडर है और इसके साथ यह कहते थे कि हम कांग्रेस में रहेंगे कहीं नहीं जायेंगे। अब न कांग्रेस में हैं, न उनके लीडर हैं, न खुद किसी के लीडर हैं। कन्फ्यूजन में सारी बातें कहते हैं। हिन्दुस्तान की जो हालत है व्यवस्था है उसको आगे दुरुस्त करने की बजाये निगेटिव प्रोग्राम सारे के सारे दे रहे हैं। उनके साथी भी ऐसे हैं लोगों को कहते हैं बहुत करप्शन है। मैं कहना चाहता हूं कि आप देखिए कर्नाटक में क्या हो रहा है, कौन सा सेल खेला जा रहा है। आन्ध्र प्रदेश में क्या कुछ नहीं हुआ। जजेज ने फैसले किये हैं, जजमेंट्स आ रहे हैं उनको कैसे विशिएट किया जा रहा है बजाये इसके कि आगे चलें।

मैं समझता हूं कि ऐसी ताकतें इकट्ठी हो रही हैं जिनसे खबरदार रहने की जरूरत है। बाहर की ताकतें भी जोर लगा रही हैं? मैं कम्युनलिज्म के बारे में भी में अर्ज करना चाहता हूं। कम्युनलिज्म ऐसी बीमारी है जिसका इस्तेमाल लोग सियासी ताकत हासिल करने के लिए करते हैं। मैं पिछली बहुत दफा कह चुका हूं और वचनबद्ध हूं इस बात के लिए कि पोलिटिक्स और रिलीजन को अलग अलग करने की जरूरत है। अगर यह नहीं होगा तो बहुत बड़ी प्राब्लम होगी। हमारी बहुत बड़ी प्राब्लम यह भी है कि हम देखते है कि किसी न किसी गुरुद्वारे से, मन्दिर से मस्जिद से आवाजें उठती हैं कि हम वे नहीं हैं, हमारे फिरके पर अटैक हो रहा है। हम एक अलहिदा कौम हैं। सौ सौ बातें कहते हैं। वहां से जो जो बातें कही जाती हैं उनका अर्थ यही है कि हिन्दुस्तान को कैसे तोड़ा जा सकता है, हमारी कम्युनिटी कैसे आगे बढ़ सकती हैं, कैसे दूसरे पर डामिनेट कर सकती है और कैसे सियासी ताकत हासिल कर सकती है। इसीलिए सारा जोर लगाए हुए हैं।

प्रेजीडेंट एड्रेस में पंजाब के बारे में जिक्र आया, मैं उस पर भी कहना चाहता हूं कि यह आसान बात नहीं है। मुश्किल हालातों में हमारे एडमिनिस्ट्रेटर्स उसकी पूरी तरह से देखरेख कर रहे हैं। यह ठीक है कि इसका सियासी मसला हल करने की जरूरत है लेकिन वहां जो ताकत है अकालीदल यह कहती है--मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूं, बताऊंगा--बाहर की दुनिया में इंटरनेशनल तौर पर कि हमारे खिलाफ टेरोरिज्म के नाम पर क्या क्या हो रहा है। यह भी अलहिदा बात है, मैं कहना चाहता हूं कि जो ताकत अपने आपको दल कहती है यह दो हिस्सों में तकसीम है। ये कहते हैं हमको सरकार दो। अब सरकार किसको दें यह उनको खुद पता नहीं लगता है। यह उनको खुद पता नहीं लगता कि सरकार किसने बनानी है किसने नही बतानी है। वे यह कहते हैं कि जो सिख हरियाणा में रहने वाले हैं उनको चाहिए कि वे देवीलाल जी की मदद करें। किस बात के लिए? बतायें तो सही। अब जो खुद के उन्होंने झगड़े डाले हुए हैं वे हम पर थोपते हैं। लुधियाना में उन्होंने को कांफ्रेंस की है उसमें टेरोरिज्म के खिलाफ एक बात नहीं उठाई, एक अल्फाज नहीं उठाया, एक भी बात नहीं कही कि टेरोरिज्म बुरा है, टेरोरिज्म क्यों है जो ऐसी एक्टिविटीज करते हैं हम उनका मुकाबला करेंगे। छोड़िए उनका मुकाबला करने की बात उनकी जुबान से यह नहीं

[श्री सरदारा सिंह]

निकलता, आज सरदार बादल से पूछा गया। जरा बताइये तो सही कि यह टेरोरिस्ट जो बेगुनाहों को मारते हैं आप उनके खिलाफ क्यों आवाज नहीं उठाते ?

वह कहते हैं कि हमें क्या पता है कि कौन निर्दोष है और कौन दोषी है। यह पता नहीं, जिस गरीब के ऊपर जो अपनी दुकान में बैठा हुआ है, उस पर गोली चलाई जाती है, जिस राह चलते-चलते पर ए० के०-47 द्वारा गोली मार दी जाती है, वह पता नहीं कौन हैं ! मैं कहता हूं कि पाकिस्तान से हमारी दोस्ती होनी चाहिए, हर मुल्क से हमारी दोस्ती होनी चाहिए मैं मानता हूं, लेकिन आज जो कुछ हो रहा है--कितने ट्रेन करके लोगों को यहां भेजा--जितने टेरोरिस्ट पकड़े जाते हैं, वह अपनी जबान से कहते हैं कि हमें फलां जगह पर रख कर ट्रेनिंग दी गई, आर्म्स दिये गये पैसा दिया गया ताकि हिंदुस्तान की डी-स्टेबेलाइजेशन हो सके। मैं उन पार्टियों से कहना चाहता हूं—जो प्रोग्रेसिव पार्टीज हैं, उनको छोड़िए जो बाकी हैं, कभी इनकी जबान से यह निकला है। एक पार्टी तो यह कह रही है कि वह ठीक कर रहे हैं, कि वहां मसले को हल जान-बूझ कर नहीं किया जाता।

प्राइम मिनिस्टर ने वाजे तौर पर कहा कि है हमारी इंटेंशंस क्लियर हैं, हम चाहते हैं कि यह मसला पंजाब का हल हो, लेकिन हल करने के लए कोई आगे बढ़े जो भी आना चाहता हैं हमसे बात करे। यह बार-बार उन्होंने कहा है, लेकिन कहते हैं कि हम नहीं मिलेंगे। अगर नहीं मिलेंगे, तो मसले हल कैसे होंगे ? मैं तो उनसे बार-बार यही कहता रहा हूं कि जाइये प्राइम मिनिस्टर से मिलिए, इसको हल करने के लए अपनी तदबीज दीजए लेकिन कसी मे जेस्ट्रेट फैसला करने के लिए यह कहा जाए कि आपकी बातें तो हम मान लेंगे, आपका फैसला न लेंगे अगर मेरे हक में वह करते हैं। यह कौन सी बात है, और कहां का इंसाफ है ? इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि यह लोग जो आज हम देखते हैं कि वहां बहुत बड़े-बड़े आदमी हैं और कहते है कि हमें सारी ताकत दे दो, वह सारे के सारे ही उन लोगों की मदद कर रहे हैं, डाइरेक्टली और इनडाइरेक्टली जो टेरोरिस्ट्स है। मैं आपको वाजे तौर पर कहना चाहता हूं कि यह कहां-कहां इंटरनेशनल तौर पर हैं।

ब्रिटेन अमरीका और वेस्ट जर्मनी में कंस्पीरेसी यह है कि टेरोरिस्ट्स को वहा से मनी भी मिलती है आर्म्स भी मिलते हैं ट्रेनिंग भी मिलती है और आज भी आपने अखबारों में पढ़ा होगा कि अमरीका वालों ने कहा हैं कि टेरोरिस्ट्स को ट्रेनिंग देने के लिए हमें हर किसी को इजाजत है यह इल्लीगल नहीं है। हम तो यह कहते हैं कि आप टेरोरिस्टस को अपने लिये बनाइये, लेकिन वह तैयार करके हिंदुस्तान में न भेजें। वह हिंदुस्तान की वहा त को खत्म करने के लिए जो कर रहे है, पाकिस्ता ी तरफ से कार्य कर रहे हैं, आप इनकी इमदाद मत की जए। तो इससे पता चलता है, एक एजेंसी आई० ए० एन० एस० है, उसने एक तेजिन्द्र सिंह पुरोही, जो लाहौर में दस महीने जेल में भी रहा है, वहां से उन्होंने कहा कि साऊथ अमरीका से तेरह करोड़ रुपया इसको भेजा हैं, और इसलिए वहां जो मुकदमें चल रहे हैं उसके लिए वैनकवर में भी दो करोड़ से ज्यादा डालर जो है वह उसको छुड़वाने के लिए खर्च किया है। तो, कौन-कौन सी बात कहें।

ऐसे और भी केसज हैं, जिनमें मैं साबित कर सकता हूं कि वहां से जो पैसा आता है, वह डी-स्टेबिलाइजेशन के लिए ही आता है। मैं उन बातों में नहीं पड़ना चाहता हूं जो मैं पीछे कह चुका हूं। लेकिन एक बात आपसे अर्ज करना चाहता हूं कि जो पाकिस्तान को मदद मिल रही है, वह मदद आज अफगानिस्तान के साथ— प्राइम मिनिस्टर ने कहा कि जिया आयें और आकर

के बात करें अफगानिस्तान के बारे में, लेकिन उसने इनकार किया । किस बात के लिए ? क्योंकि उसके पीछे ताकत है। आज अमरीका बेशक ओपनली यही कहता हो कि सुलाह-सफाई हो जानी चाहिए ।

आज तो रूस वालों ने एक और बात भी कही है कि फलां जगह से, चेकोस्लोविया से भी हम बड़े हथियारों को एक हफ्ते में शिफ्ट कर देंगे । वह इनिशिएटिव जो है, वह क्यों नहीं लेता, बजाए इसके कि वह अफगानिस्तान में, पाकिस्तान को तैयार करके अफगानिस्तान में गड़बड़ पैदा करने के लिए कायम रहे और हिंदुस्तान की वहादत को तोड़ने के लिए भी सारी कोशिश जो है-- अगर उनको पैसा न दिया जाए, तो पाकिस्तान जो है, वह नीचे आएगा बात करेगा अपनी इकानमी को दुरुस्त करने के लिए, जिनसे वह लड़ रहा है, उनसे बात करने की कोशश करेगा, हम यह चाहते हैं कि वह ऐसी बात न करे और जो हो रहा है, इंटेरिम गवर्नमेंट उनकी मरजी की बन जाए और रिबेल्ज उनको जाकर कंट्रोल कर ले, कौन ऐसी इजाजत देगा । यह रास्ते में रुकावट डालने के लिए है, जो अफगानिस्तान और हिंदुस्तान वाले कोशिश करते थे ।

मैं प्राइम मिनिस्टर को इस बात के लिए मबारकबाद देता हूं कि उन्होंने इनिशिएटिव लिया है कि इस रीजन में अमनोअमान कायम करने के लिए निहायत जरुरी है कि अफगानिस्तान का मसला भी अच्छी तरह से तय हो सके, लेकिन लोगों ने कहा है कि अफगानिस्तान में हमारा क्या है और फिर यह कहते हैं कि आप वहां क्या कर रहे है । यह लोग कहते हैं कि श्रीलंका में जो कुछ हो रहा है वह गलत किया जा रहा है । आज ही आपने अखबार में पढ़ा होगा कि कुछ दिनों में ही, कुछ घंटों में नहीं, 48 घंटे दिये हैं उनको कि वे अपने हथियार छोड़कर आयें और जो भी "लट" का आदमी है लीडर है उसने यह कहा है कि हम आने के लिये तैयार हैं, हम बात करने के लिये तैयार है और यह झगड़ा खत्म करने के लिये तैयार हैं । यह अगर इस बात का बुरा समझते हैं तो आप मद्रास में जाकर देखिये कि कौन सी पार्टी है । खुद कह रहे है और खुद सवाल उठा रहे है । वह लोग यहां से जाकर वहां कहते हैं कि नहीं कोई समझौता नहीं होना चाहिये था । हिन्दुस्तान को इसमें नहीं पड़ना चाहिये था । वह फौज को उभारते हैं । कभी किसी को उभार देते हैं और कभी किसी को और यह उभार बहुत खतरनाक हालात में जा रहे हैं । इसलिये मैं आपकी मार्फत अपील करना चाहता हूं कि जो आपोजीशन में बैठे हैं कि आइये और इस मसले को हल करिये, न कि इसको उभारने के लिये कुछ करें । तो मैं अर्ज कर रहा था यह अगर पिछली बार होम मिनिस्टर ने यहां कहा था कि हम कोई कानून का ड्राफ्ट ला रहे है जिसमें पोलिटिक्स और रिलीजन को अलग करेंगे । मैं चाहता हूं कि इसको अगर करेंगे तो 50 परसेंट से ऊपर आपकी प्राब्लम दूर हो जायेंगी क्योंकि आज हिन्दुस्तान में इसी नाम पर ही उभार दिया जाता है और लोगों को आपस में लड़ाया जा रहा है । यह कहते हैं कि हमारा मजहब खतरे में हैं । जो नेशन की परिभाषा है, वे अपनी कम्युनिटी के आधार पर अपने आपको नेशन कहते हैं । लेकिन हिन्दुस्तान एक ही नेशन है । इस मैं बार-बार कहता हूं और कहता चला जाउंगा कि हिन्दुस्तान एक ही नेशन है और उस नेशन का नाम ही हिन्दुस्तान है । हिंदुस्तान के अन्दर जो कम्युनिटीज हैं वे अपने आपको नेशन नहीं कह सकती । मजहब के आधार पर, फिरके के आधार पर बने हुये जो गठबन्धन है वे अपने को कम्युनिटी ही कह सकती है वे नेशन नहीं बन सकतीं । इसलिये हिन्दुस्तान एक नेशन है और उसमें हिन्दू, सिख, पारसी, इसाई कोई भी हो सब मिलकर एक नेशन बनाते हैं और इसी आधार पर सारी बात आगे बढ़नी चाहिये । हमारी मुखालफत करने हैं तो करते जायें डेमोक्रेसी में इसकी हर किसी को इजाजत है लेकिन यदि कोई इस देश को तोड़ने की कोशिश करे तो इसकी किसी को इजाजत नहीं है ।

[श्री दरबारा सिंह]

मैं आपसे अर्ज कर रहा था कि इसके लिये यह रीजनल पार्टियां जिम्मेदार हैं। इसके लिये बात-चीत की जा रही हैं कि कैसे इस को कन्ट्रोल एर सकते हैं। वह एक सज्जन को यहां से हटकर गए हैं फाइनांस मिनिस्टर वह यह बात कर रहे हैं कि बी०जे०पी० को कुछ नहीं कहते और कहते हैं कि हम बहुत प्रोग्रेसिव आदमियों से मिले हुये हैं लेकिन कैसे उनके खिलाफ बोलें। अगर आप समझते कि हैं कम्युनल पार्टी है तो फिर उसके खिलाफ बोलिए बी०जे० पी० के खिलाफ बोलिए। बोलने की बजाय अन्दर से गठजोड़ कर रहे हैं ताकि हिन्दुस्तान को तोड़ा जाए और प्राइम मिनिस्टर को हटा दिया जाए। यह प्राइम मिनिस्टर को हटाने की बात करते है। क्यों 5 साल के लिए लोगों ने उन को ताकत दी हैं आपने ताकत नहीं। देहात के लोगों ने किस बात के लोगों ने एक-एक वोटर ने वोट डालकर हमे यहां पर लाया है। पांच साल के बाद इलैक्शन होंगे फिर देखेंगे कि कौन आता है और कौन जाता है। अब इसके लिए यह पांच साल से पहले ही सवाल उटाते हैं कि अभी हटाओं। देश में करप्शन बहुत है। अब आप देखिए कि वेस्ट बंगाल में क्या हाल है। उसके बारे में आज भी निकला है और बसु ने खुद कहा है कि हमारे खिलाफ तीन मिनिस्टरों ने लिख कर दिया है उसको कि यहां करप्शन भी हुआ है रिगिंग भी हुई है यहां लोगों को खराब भी किया गया है। हम आपको पूछते हैं कि यह क्यों हुआ है? वह खुद माने कि तीन मिनिस्टर उसको कह रहे हैं। हम लोग उसमें क्या करें? वह सारी चीज कहीं न कहीं सब के सामने निखर कर आयेगी कि कैसे आपस में कितना उनका गठजोड़ है। यह तो उस सूबे की बात कर रहे हैं जहां कि कहते हैं कि क्लीन एडमिनिस्ट्रेशन दे रहे हैं। आन्ध्र प्रदेश की बात की थी वहां पर क्या नहीं है? अदालत ने फैसला किया हुआ है। किस सूबे में नहीं है आप मुझे बता दीजिए। मैं इसके सबूत दे सकता हूं कि जिस सूबे में हमारे उल्ट सरकार है आपोजीशन की सरकार है वहां किसी ने फेवरटिजम किया है। किसी ने वेपोटिजम किया है किसी ने करप्शन की है। उन सब की बातों को इकठ्ठा करके हम पर क्यो लादते हो? प्राइम मिनिस्टर ने साफ कहा है यहां मैं नाम देना नहीं चाहता, अभी डिसकशन हो रही थी, प्राइम मिनिस्टर ने कहा है आने दो रिपोर्ट उसमें जो भी होगा वह लोगों के सामने रखेंगे।

बड़े से बड़ा आदमी उसमें इन्वोल्व होगा, उसके खिलाफ एक्शन लिया जायेगा। यह बात उन्होंने बार-बार कही है, फिर भी यहां पर बार-बार इस तरह की बात उठाना, जिसका कि हमें अधिकार नही है और वह भी इसलिए उठाई जाती है ताकि इस इस्यू को कायम करके लोगों को यह बात कहते जायें क्योंकि हिटलर ने यह बात कही थी कि बार-बार एक झूठ को कहो, बार-बार उस झूठ को कहो ताकि वह झूठ सच में तब्दील हो जाय। सिर्फ यही सारी चीज है और कोई बात नहीं है।

उपसभापति महोदया, मैं यह कहता हूं कि जितने भी इस्यूज यहां उठाए गए है गवर्नमेंट की तरफ से, उनमें से एक बात यह भी है कि इस देश में ऐसे लोग मौजूद हैं जो बाहर की ताकत से गठजोड़ रखते हैं और वे कही किसी जगह पर कहीं किसी दूसरी जगह पर अपने मूंह दिखा रहे हैं। इस पर मैं ज्यादा नहीं कहता हूं मैं साबित कर सकता हूं कि कुछ आदमी हैं जो इस बात में पड़े हुए हैं।

इसके अलावा में त्रिपुरा की बात करना चाहता हूं। यहां बहुत शोर हुआ कि त्रिपुरा में फौज क्यों गई? आप खुद, त्रिपुरा सरकार से पूछें कि उन्होंने इसकी मांग की थी कि नहीं कि यहां पर आकर कंट्रोल करें। कंट्रोल हुआ। लेकिन जब आप चुनाव हार गए तो यह कहना शुरू कर दिया कि फौज यहां क्यों बुलाई गई? फौज ने कोई कत्ल नहीं किया, इसमें फौज का कोई काम नहीं है बल्कि उन्हें जो लॉ एण्ड आर्डर के लिए हिदायत थी, जो दुश्मन हमला कर रहे हैं, जो तोड़-फोड़ करने की कोशिश कर रहे हैं उनके बंदोबस्त की हिदायत थी, वह उन्होंने किया बाकी जो है नार्मल एडमिनिस्ट्रेशन, वह उनके हाथ में था। अब जब चुनाव हार गए तो यहां यह बात शुरू हुई कि फौज को क्यों बुलाया? आप वेस्ट बंगाल में देखिए उन्होंने खुद माना है, तीन मिनिस्टर ने

खुद लिखकर दिया कि यह हालत हुई है, लोगों की मार-पीट हुई है, यह सारी चीज उन्होंने मानी है। तो आप समझ लीजिए, खुद करने वाले लोग ऐसी अंजामबाजी करते हैं कांग्रेस ने यह किया, वह किया। मैं तो समझता हूं कि प्राइम-मिनिस्टर को हमें इस बात की मुबारकबाद देनी चाहिए कि जो ऐसी ताकतें वहां डिस्ट्रक्शन कर रही थीं, जो लोगों को तोड़ रही थी, बाहर से हथियार आकर लोगों को मार रहे थे, न सिर्फ उनका बंदोबस्त किया बल्कि उसके नाम पर सरकार भी चलती चली गई है, जो अपने आपको मार्कसिस्ट कहते हैं। हम उसके खिलाफ नहीं हैं मगर जिसमें जितनी ताकत ज्यादा हो, वह आए और सरकार चलाए लेकिन यह नहीं कि सरकार अगर किसी की बन जाय तो यह कहना शुरू कर दे कि गड़बड़ी हुई है, यह हुआ है, फौज ने वह किया है फौज का नाम मत लीजिए मैं बराए खुदा आपसे अर्ज करना चाहता हूं कि फौज इस बात के लिए नहीं है कि इस हाऊस में उसे कण्डेम किया जाय या उस बारे में कुछ चर्चा ऐसी की जाय। हमारी फौज सारे हिंदुस्तान की सेकुलर फौज है, उसमें हिन्दू, मुस्लिम सिख, इसाई सभी हैं और वे सब मिलकर हिन्दुस्तान की हिफाजत के लिए, हिन्दुस्तान की सरहदों को मजबूत रखने के लिए काम करती है। इसलिए उनका नाम यहां मत इस तरह लीजिए। आप हमारे खिलाफ अंजाम लगाते हैं, लगाइए, यहां पर सब कुछ खुला रूप है, यहां सब कुछ आप कह सकते हैं। लेकिन मेरी अर्ज है कि आप यहां पर फौज का नाम मत लीजिए। मुझे शक है कि कुछ ऐसे तत्व हैं, ऐसे नासूर मौजूद हैं, जो घुसकर ऐसी बात को कह रहे हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि फौज का नाम लेकर ऐसी बात न करें।

उपसभापति महोदया, अब मैं पब्लिक सेक्टर की कुछ बात कहना चाहता हूं। यहां बहुत शोर इस पर मचाया गया। हम कहते हैं कि अगर इसमें इतनी खराबी है, उसको दूर करने की जरूरत है, दूर करें, इसमें शक नहीं, लेकिन जो पब्लिक सेक्टर है, इसको मजबूत करना जरूरी है। इस पर प्रधानमंत्री जी ने बार-बार कहा है कि और उनके अलफाज का इस्तेमाल करके कुछ दूसरी पार्टियों ने यह कहा है कि पब्लिक सेक्टर में यह सरकार यकीन नहीं करती। उन्होंने कहा है कि कमांडिंग हाइट, हम चाहते हैं कि इसमें लाएं ताकि इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कोई चीज हो, जिसमें पब्लिक सेक्टर हमारी इनडिजनेस इन सारी चीजों को देख सकती है उसमें एम्पलायमेंट करा सकती है, यह ठीक है कि अनएम्पलायड यूथ है, जो पढ़ा-लिखा है जो उसको जगह देने की जरूरत है और इसको आगे बढ़ावा देने की जरूरत है।

महोदया, अब मैं चाहता हूं कि दो तीन तजवीज मैं अपनी दूं। यहां हमारे दोस्त, मिनिस्टर साहब, साठे साहब बैठे हुए हैं, इनसे अर्ज करना चाहता हूं जितनी आज हमारी बिजली है, कारखाने की ग्रोथ के लिए, इण्डस्ट्रीज की ग्रोथ के लिए निहायत जरूरी है कि आप एक बात करें और वह यह कि जितने हमारे थर्मल-प्लांट हैं इसमें 10 फीसदी, 20 फीसदी और बढ़ाया जा सकता है, उसको रिपेयर करके, उसका रिकंडीशण्ड करके, उसको सारी चीज दुरूस्त करके जितना किया जा सकता है, करें। इसके लिए जो बाकी और बड़े कारखाने लगाने में पैसे की जरूरत पड़ेगी, वह नहीं पड़ेगी क्योंकि 1/5 आबादी जो आज 30-35 हजार मेगावाट क्षमता है तो इस 30-35 हजार मेगावाट में अगर आप 20 प्रतिशत बढ़ा सकेंगे तो आपकी करोड़ों रुपये की दौलत जो है, वह बचेगी। जो किसी और तरफ मोड़ा जा सकता है क्योंकि आज जरुरत इस बात की है। मैडम, हम जानते हैं कि आज जो भन्डार अधिक बन पाये हैं, वह हमारी सरकार के वक्त के हैं। आज भंडार इतने ज्यादा इसलिये बन पाये हैं क्यों कि आधा पैसा इस बात के लिये दिया जाता था कि हमें बिजली कैसे ज्यादा-से-ज्यादा पैदा करनी है। हमने 900 मेगावाट से ज्यादा बिजली पैदा की। 1952 से लेकर 1980 तक उसे हमने दुगना कर दिया जिसका यह नतीजा है कि आज वहां से सबसे ज्यादा फूड ग्रेन सेंट्रल पूल में आया है। वहां 5 लाख ट्यूबवेल लगाए गए और उसकी वजह से इतना अनाज पैदा हुआ। ड्राउट हर कहीं था। जहां दूसरे सूबों में था वहीं पंजाब में भी था। लेकिन वहां के लोगों ने हिम्मत से काम करके अनाज की पैदावार को आगे बढ़ाया है। इससे हालात और ज्यादा अच्छे

[श्री दरबारा सिंह]

होंगे । इस एग्रीकल्चर सैक्टर को आगे बढ़ाना निहायत जरूरी है । आप उनको जितनी ज्यादा-से-ज्यादा सहूलियतें दे सकते हैं, दीजिए । मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आज जो लैंड लार्ड बने हुए हैं, उनको पीछे कर के लैंड रिफार्म को और ज्यादा बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि जो गरीब-हरिजन हैं जिनको हम टेनेंट कहते हैं, जब उनकी तरफ तवज्जो देते हैं तो वे उठकर आवाज देते है कि रिलीजन इन डेंजर। धर्म खतरे में है । इस बात को खत्म करने के लिए निहायत जरूरी है कि हम उनकी ओर तवज्जो दें । मैं जानता हूं कि यह आहिस्ता आहिस्ता होगा । लेकिन यह करने की जरूरत है । आज सेनाएं जो सूबों में पहुंच रही हैं और किसी-न-किसी नाम पर खराबी आपके सामने आ रही हैं, वह इसीलिए हैं कि वे लोग जो सैकड़ों-हजारों एकड़ जमीन पर बैठे है और गरीब लोगों को, हरिजन लोगों को मार-मारकर उनका कचूमर निकाल देते हैं । वे जो हमारी पुरानी कल्चर है उससे दूर रखना चाहते हैं । इसलिए यह एक निहायत जरूरी बात है

मैं एक बात और कहना चाहता हूं । अंग्रेजी में यह कहते हैं कि "वी शुड गो बैक टू द विलेजेज ।" हमारे 80 फीसदी लोग देहात में रहने वाले हैं, उनको सारी चीजें देने की जरूरत है आप बीस-बीस या पचास पचास गांव हैं उनमें छोटी इंडस्ट्रीज, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज को ले जाएं जिसमें वे लोग काम करें ताकि गांवों की आबादी को जो शहर की तरफ माइग्रेशन हो रही है, कम किया जा सके और वे वहीं बैठकर अपना गुजारा कर सकें । उनकी ग्रोथ रेट बढ़े । उनकी खरीदने की शक्ति बढ़े, ताकि वे वहीं बैठकर अपनी जरूरियात की चीजों को प्राप्त कर सकें । बेअर नेसेसिटीज आफ लाइफ जो है, वह उन्हें तभी मिल पायेगी, अगर वे अपने घर पर रहते हुए काम कर के, अपना गजारा करके जिन्दगी की जो जरूरियात हैं, उनको पूरा कर पायें । अगर आप इसके लिये कोई तजवीज कर सकें, तो अच्छा है । आज हर सूबे में पिछले 40 सालों में बहुत कुछ हुआ है । जो एक खाली हिन्दुस्तान मिला था, उसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू और इन्दिरा गांधी जी ने लगातार मेहनत कर के इस देश को बनाया है । इन्टरनेशनल लेवल पर आज भारत एक ताकत बनकर उभर आया है । आज डिक्लरेशन चाहे दिल्ली में हुआ हो या कहीं और हुआ हो, आज हिन्दुस्तान की पूछ है । हमारे इस नौजवान लीडर ने आज हिन्दुस्तान की तरक्की करने के लिये हिन्दुस्तान को विश्व के नक्शे पर ऊंचा उठाया है, जहां से कि वह आगे बढ़कर बड़ी-से-बड़ी ताकत बन सकता है । दुनिया में हिन्दुस्तान का नाम हो सकता है । दुनिया से न्यूक्लिअर वीपंस को हटाने के लिये पूरा जोर लगाया है । मैं कहना चाहता हूं कि गोर्बाचौफ ने निहायत हिम्मत से यह काम किया है । हम उनकी जितनी सराहना करें, कम है, क्योंकि उन्होंने बात ऐसे लोगों से की, जिनको वह इंपीरियलिस्ट मानते हैं, कपेटिलिस्ट मानते हैं उनके घर पर जाकर यह फैसला किया कि हम कम-से-कम 3 परसेंट न्यूक्लिअर वीपंस को खत्म करें । उन्होंने कह दिया है कि अफगानिस्तान से हम फौजें ले जायेंगे । अब उनको चिन्ता हो रही है कि फौजें ले जायेंगे तो क्यों ले जायेंगे । पाकिस्तान हमारी सरहदों पर भारी तादाद में भीड़ इकट्ठी कर रहा है और दूसरे मुल्कों से हथियार इकट्ठा कर रहा है । उधर सिंकाचीन में हमारी सरहदों पर भारी सख्या में फौजें जमा हो रही हैं । इसलिये हमें अपनी सीमाओं की, अपनी सरहदों की सुरक्षा करनी है । अगर दुनिया में शान्ति और अमन करना है तो हिन्दुस्तान को इसके लिये ताकत हासिल करनी होगी और दुनिया के मुल्कों को बताना होगा कि वे अरबों खरबों रुपये के जो हथियार जमा कर रहे हैं उससे हिन्दुस्तान पर भारी दबाव पड़ रहा है । हमें अफसोस इस बात का है कि फिर भी लोग आज यह कहते हैं कि बाहर की पालिसी तो अच्छी है, लेकिन अन्दर की नहीं । अगर बाहर के लोग आपको खाने के लिये आ जायें तो आप क्या करेंगे ? 16 हजार फीट की बुलन्दी पर हमें मारने के लिये

पाकिस्तान ने कौन से हथियार नहीं लिये हैं? हमारी सरहदों पर वह क्या नहीं कर रहा है ? नए नए प्रोड्क्ट्स और न्यूक्लियर मिसाइल हासिल करके वह किस पर इस्तेमाल कर रहा है ? दुनिया के बड़े-बड़े मुल्क तोड़ फोड़ करने वालों को आगे बढ़ा रहे हैं यह भी हमको देखने की जरूरत है।

एक बात और कहना चाहता हूं। दुनिया के देशों को आज हमें टेरोरिज्म और सेपरेटिज्म को खत्म करने के लिये मदद करनी होगी और किस तरह से रास्ता साफ किया जाये इसको देखने की जरूरत है। अगर यह नही किया तो हम हिन्दुस्तान को तबाह कर देंगे। अगर हम चाहते हैं कि हिन्दुस्तान हिन्दुस्तान रहे, हम अगर चाहते हैं कि हिन्दुस्तान में रहने वाला सुरक्षित रहे, हिन्दुस्तान रहे तो अगर हिन्दुस्तान नहीं रहेगा तो कौन हिन्दुस्तानी कहलाएगा, यहां कौन हिन्दुस्तानी रहेगा ? चाहे हिन्दू हो, सिख हो, ईसाई हो, पारसी हो, मुसलमान हो, सभी हिन्दुस्तानी तब है, जब हिन्दुस्तान रहेगा। अगर हमारे उपर हमला होता है तो वह हिन्दुस्तान पर हमला है, किसी कौम पर, किसी शख्सियत पर हमला नहीं होता है। इसलिये लोगों को मजबूत करने की आज जरूरत है। उसको मजबूत करने के लिये पैसा लग रहा है। हम चाहते हैं कि दुनिया में अमन रहे तो उस के लिये हमें पैसा खर्च करना पड़ रहा है। हम भी जानते है कि वह पैसा लोगों की जगह नेसेसिटीज पर खर्च हो, लेकिन हमें मजबूरी में अपनी सुरक्षा के लिए पैसा लगाना पड़ रहा है ताकि हिन्दुस्तान मजबूत रहे, हम अपनी सुरक्षा चाहते हैं, उसके लिए प्राइम मिनिस्टर ने अभी सटेलाइट निकाला है, न्यूक्लियर ताकत जितनी हमारे पास होगी, उसका हम अपनी डेवलपमेंट के लिए इस्तेमाल करेंगे। हिन्दुस्तान चाहता है कि उसका इस्तेमाल शांति के लिए हो हम डेवलपमेंट चाहते हैं डिस्आर्मामेंट चाहते हैं उसके लिए हम आगे बढ़े तो तभी शांति हो सकती है।

और ज्यादा न कहते हुए मैं आपसे यही कहता हूं, अपील करता हूं कि आप आइए, इकट्ठा होकर सोचिए कि हमारी 80 फीसदी आबादी जो देहातों मे रहती है, उसके लिए हमें काम करना चाहिए। वी शुड गो टू दि रूरल एरियाज। हम अपनी इकानामी को उस पर खर्च करें, उसकी ओर हमें ध्यान देना चाहिए। हम सब मिलकर इस बात के लिए प्रयत्न करें। इसलिए जो रेजूलूशन आपके सामने है, जिसका मैं पूरी तरह से समर्थन करता हूं और सब से यही कहता हूं कि प्रेसिडेंट आफ इंडिया ने उसमें एक एक लफ्ज जो कहा है, उस को हम देखें, उस पर विचार करें। कौन कौन से हमारे डेवलपमेंट के एरियाज है, कहां पर हमें काम पहले करना है, कहां पर मुल्क को ले जाना है, इसके लिए लोग आपस में मिल बैठकर विचार करें। सारी की सारी बातें खोलकर उसमें रख दी गई है, उनमें से हमने बहुत कुछ हासिल किया है, और क्या करना है उस पर हम ध्यान दें।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। हमें आज जरूरत इस बात की है कि हमने लगातार जो सौ साल तक लड़ाई लड़ी, कांग्रेस ने सब सूबों मे मुल्क की आजादी के लिए काम किया, कोई फासी पर लटके, कोई जेलों में सड़कर मरे, घर के घर बरबाद हुए, तब जाकर हमें आजादी मिली। इसके लिए जो फ्रीडम फाइटर है, उनकी तस्वीर, हर किसी की तस्वीर हमारे अपने सूबों के अंदर बनानी चाहिए कि हिन्दुस्तान के लिए इन्होंने कुरबानी दी ताकि हमारे बच्चों, छोटे बच्चो को हम दिखा सकें कि किस साल की लड़ाई किस पार्टी लीडर के आधार पर 1947 से पहले लड़ा, आजादी के लिए इन्होंने काम किया तभी यह मुल्क आजाद हुआ। इसका नक्शा हम उनको दिखाएं ताकि आने वाली जनरेशन को पता लगे कि हमारे बुजर्ग ने इस महल की बुनियाद कैसे बनायी है अपना खून पसीना और हड्डी दे कर इस को बनाया है। आप को बुनियाद दिखाई नहीं देती। आज के लोगों को बुनियाद दिखाई नहीं देती। उस पर खड़ा हुआ महल ही दिखाई देता है। उस को इरेज करने वालों से इस को बचाइये। और बच्चे जो उस समय उस को बनाने में हिस्सा नहीं ले सकते थे उन को कम से कम वह ज्ञान दें कि आप के बाप दादों ने यह काम किया है।

[श्री दरबारा सिंह]

इस से उन में पैट्रियाटिज्म आयेगा और आगे डेमोक्रेसी मे काम करने के लिये, दुनिया में पी। कायम करने के लिये, उस के डवलपमेंट के लिये, और देश को आगे बढ़ाने के लिये, जो काम होगा उस में उन की कोशिश रहेगी और यह बात हमेशा उन के दिमाग में रहेगी और ऐसा होने से हिन्दुस्तान एक रहेगा। इन अल्फाज के साथ मैं आपको शुक्रिया अदा करता हूं।

SHRI M. VINCENT (Tamil Nadu): Madam, I thank you for the opportunity given to me to speak on the President's Address. I praise the President but despise the President's Address. I oppose the Motion moved by the hon. Member, Shri Kulkarni.

The President's Address does not mention about price rise. Today there is all round increase in the prices. The Government goes on taxing the people all through the year. Price of rice is beyond the reach of the common man. The price of sugar is bitterly high. The edible oil has become inedible. The hike in yarn prices has thrown lakhs of labourers out of job. The common man has lost his communication link because of the hike in postal tariff. A painful mockery of democracy has come in the form of increased money-order commission. The trains are running slow, but the fare is running super fast. As we are obtaining more and more oil from natural resources, we go on increasing the price of petrol. This is a telling example. You can never control the price rise. The prices of various articles, such as steel and coal, have also gone up. Poor and middle class people are facing a lot of difficulty as a result thereof. So I charge that this Government is totally anti-people.

During the regime of the darling of the poor, Dr. MGR, in 1983 when the production of rice was only 28 lakh tonnes as against the requirement of 65 lakh tonnes, the price of rice did not go up. But now within one month of President's rule in Tamil Nadu, the price of rice has gone up by rupee one per kilogram. As an able administrator Dr. MGR could contain the price rise for over a decade—i.e. from 1977 to 1987.

Madam, in the President's Address, no mention has been made of the problems faced by farmers. In India 70-80 per cent of the population is that of farmers and labourers. But their problems still remain to be solved. Bank loans and subsidy do not reach the farmers. Government should fix the maximum credit limit of the farmer on the basis of the land owned by him. Farmers and labourers are still facing great financial hardship. If farmers are provided water and electricity, their condition would improve to a great extent. You should have an open mind and take inspiration from the policies of our beloved MGR. He could give free electricity connections for more than 10 lakh small and marginal farmers. The Centre should take the initiative to implement the scheme all over India.

There is unemployment problem all over the country. The Government has expressed not only its inability but also lack of political will to tackle the problem of industrial sickness. The Government has no policy to remove sickness in industries. As a result, year after year, more and more industries are becoming sick. The number of sick industries has reached a figure of 1,20,000. Millions of people have been thrown out of employment.

1. P. M.

In the industrial sector, the textile industry, the sugar industry, the paper industry, the fertilizer industry and the pharmaceutical units—all are in crisis.

The number of educated unemployed in the Employment Exchange registers, which was 3 lakhs in 1951, has risen to 301 lakhs in 1986 and must have crossed 400 lakhs in 1988. Each year the figure of the unemployed is increasing.

After spending Rs. 2,80,000 crores up to 1986 and 1987 on the Five-Year Plans, the greatest achievement of the Government is that today 30 crore

people are below the poverty line. The per-capita income has gone down. That means, the poverty is terribly increasing day by day.

Today there are separatist movements all over the country. There is a demand for separate Khalistan. There is a demand for separate Gorkhaland. There is a demand for separate Jharkhand. Apart from that, we find insurgency in the form of TNV in Tripura, G.L.F.A. in Assam, N.S.C.N. in Manipur.

The peasants in the field, the workers in the factories, the employees in the offices—all are revolting against the Government. The lawyers are on strike. The doctors are raising their voice against the Government. This is the sad state of affairs in India. This is the achievement on the 40th year of the independence.

Because of the erratic pattern of rainfall, there is drought all over the country. Today more than 1,40,000 villages do not have drinking water in India. But millions of TMC of water is flowing waste into the sea.

Late Dr. MGR's repeated request to the Centre was to take steps to divert the surplus waters of the west-flowing rivers of Kerala towards Tamil Nadu. I feel, the Centre has no time to think about that.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Janaki's request, not MGR's.

SHRI M. VINCENT: I am coming to the point. Please wait for a moment.

There are three schemes for which late Dr. MGR had Central clearance. *(Interruptions)*

MGR was the noblest embodiment of unity.

Late MGR had asked for the Central clearance. These are with foreign financial assistance. They are:

(1) Research and Development Centre for Pumps and Motors at Coimbatore with aid from the Republic of Germany.

(2) Auto parts development centre at Madras with the help of the Italian Government.

(3) Modern Toolroom Training Centre at Coimbatore with the help of Denmark.

The State's share of these three schemes, is being invested in instalments. It is for the Centre to allot their part of the expenditure. I request the Government to come forward with the clearance as early as possible, since 90 per cent of the cost of these projects is borne by the foreign governments.

I would like to add that in Tamil Nadu the late, lamented leader, Dr. MGR's Nutritious Noon Meal Scheme is a landmark in feeding the poverty-stricken school children. Every day 88 lakh school children are being fed. I request that Tamil Nadu may be financially helped to improve further the Scheme with the Integrated Health Programme. Such a scheme may be introduced all over India in commemoration of Dr. MGR as a mark of respect.

The misadventure of this Government in Sri Lanka is a classic example of the inefficiency of this Government. The Indo-Sri Lanka Agreement is with the consent of our beloved late Dr. MGR, I agree. But the assent given by MGR was not totally unconditional. In the Agreement there was no provision to act against the Tamils. Man-hunting and man-slaughter are going on unabated. Dr. MGR had agreed because this Agreement was originally framed for the welfare and peace of Tamilians, but you misused it. One month back the gents were forcibly evacuated from their houses while the virgins were at home at Mattakalappu. It is an unpardonable sin you have committed against the sanctity of our Tamil women. I condemn your attitude. So long as our charismatic leader, Dr. MGR was alive, you could not arrest even a single Sri Lankan Tamilian in Tamil Nadu. It proves MGR's consent

[Shri M. Vincent]

was conditional and limited. India's peacekeeping force is for peace, not to put the agreement into pieces. Giving a fitting reply to Jayewardene in 1982, our Tamil pride, Dr. MGR said: "If the Tamilians are not protected in Tamil Nadu, where else they would be protected?" This was asked by our late MGR in 1982. Now in 1988 after the demise of MGR you are arresting Sri Lankan Tamils in Tamil Nadu. Stop your action. I demand immediate release of the arrested Sri Lankan Tamils in Tamil Nadu. Sri Lankan Tamils are staying in Tamil Nadu because it is their birthright. Delhi cannot interfere. Delhi has no business to do that. More than a thousand Indian soldiers had been killed in Sri Lanka. Who is responsible for this? This Government is responsible for this. Why are you killing our Tamilians and killing our Indian soldiers? Our Prime Minister is born for Accords, but all his efforts are in failure. That is his record.

Our originally democratic Constitution has become highly undemocratic and highly unitary. The Central Government has increased their power from time to time in a most arbitrary manner. The power under Article 356 of the Constitution, viz. imposition of President's rule in the State has been used more than 80 times in 40 years. It was unfortunate that our President who hails from Tamil Nadu had to deliver his first Address to Parliament after dissolving the Government of his own State of Tamil Nadu. I can imagine the degree of torment that the noble heart would have undergone. Mrs. Janaki MGR's Ministry was dissolved. The reason stated was Constitutional breakdown. The question is who broke the Constitution? Who created the turmoil in the Assembly? It is the Congress(I). In the morning at 10.30 Shivaji faction Congress MLAs, Ilango and others were beaten brutally. By whom? By Congress MLA** their Dhoties were removed. By whom? By Congress MLA**. Who walked away with mikes? It was the Congress MLAs. Who attempted to sit on the lap of the Speaker? It was your Congress MLAs, who had thrown chairs? It was your Congress MLAs.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Names will not go on record. (*Interruptions*) Don't mention the names of those who are not here.

SHRI M. VINCENT: It is the Congress and Congress alone that created the turmoil in the Assembly. What das the necessity of the physical presence of Pondicherry Chief Minister in the Assembly? Why was the Central Minister** sitting on the Speaker's gallery on that day? That means you had preplanned the conspiracy. Your preplanned conspiracy was thwarted by our iron man P. H. Pandiyan. My open allegation is you have indirectly attempted to snatch power in Tamil Nadu. Let me remind you that will not happen in the history of Tamil Nadu. As you all know, Punjab State Assembly was dissolved because of terrorism. But Tamil Nadu State Assembly was dissolved because of Congress-I terrorism. Don't think that you have dissolved Mrs. Janaki Ramachandran's Ministry. You have dissolved your own Congress party in Tamil Nadu. Your party has been shattered into pieces. Now you have four factions, Moopanar faction, Sivaji faction, Subramanian faction and Bhuvarahan faction. You will not come to power in Tamil Nadu. you have committed a sin against the holy mother—Mrs Janaki Ramachanran. I want to tell you what you sow, you will reap. Thank you.

SHRI BIR BHADRA PRATAP SINGH (Uttar Pradesh): Madam the Deputy Chairman, I congratulate the President of India for his message to both Houses of Parliament. Till recently he was our Chairman. I call this message as people-oriented message.

**Not recorded.

**Not recorded.

I request my hon. friends in the Opposition that while they offer their comments they must develop a proper sense of appreciation of the questions. It is true that we are faced with a situation of removal of poverty in this country, but consider the speed with which the population of this country is growing and if with that speed the production does not grow then the problem really lies in the removal of poverty. Even the production which we have achieved will be nullified by more population production. For the removal of the poverty our learned Prime Minister and his Government are approaching the problem. Technological revolution in this country for which I must congratulate our Prime Minister and the Government. Every department of the Government is having its own R&D wing. The other day when a surface-to-surface missile was fired all the Opposition parties congratulated the R&D wing of the Defence Ministry. They have achieved the results meticulously. For the first time our great scientists have developed a surfact-to-surface missile without any technical know how from abroad. That is the approach and that is how our Government is working. It is very easy to borrow technology or steel the material or know-how as Pakistan has done. But when a Government has reached the point of self-sufficiency with its Scientists, it can produce results and can fire missiles to a distance of 250 kilometers. I feel that is the real thrust of the question. It is not only in the realm of defence or defensive weapons but in all fields of life. That is why I call our President's message to both Houses of Parliament as a highly people—oriented message.

The hon. President has said that the primary goal of amelioration is eradication of poverty. It is the most important goal which can be achieved only with the help of technological revolution in this country. I am not one of those people who are under a wrong impression that we can develop all technologies ourselves in this country. We will have to purchase it. We will have to bring it from outside but it is a very costly phenomenon. If you want to see the real development in this country, then we will have to exert more. In respect of the present Five Year Plan, we are left with only half of the period. In the remaining two Five Year Plans, that is 8th and 9th, within 13½ years, you have to take this country forward with such a speed that tears are wiped out from every eye of every citizen of this country. Now how to do that is the basic question and I am sorry to say that our friends in the Opposition have not responded well to this desire of our leadership to usher in technological revolution in this country so that within 13½ years, we can progress so much that our poverty is removed and we are in a position to stand in the category of developed nations. There is nothing wrong with this ambition of our leadership. Now it is our resolve that the nation can be strong and the nation can progress if all sections of people get equal opportunities to come forward and there are no disparities left among the people. There should be full employment for everyone. I completely assert this. The message is there. The way to reach that goal is also there which should have been appreciated. The President is quite right when he says, we are unflinching in our determination to root out communalism, fundamentalism and fissiparous tendencies. These are our real enemies. We have to crush them with determination if not with a heavy hand. My learned friend was very much eager to point out that but the whole nation realises it. The question is what is the solution? How do you want to tackle the problem?

Now the President, in his Address, from paragraph number 29 to 35, has referred to the goals of science and technology which deserves real attention of this nation. In this connection, the President mentioned the establishment of five tech-

[Shri Bir Bhadra Pratap Singh]

nology missions. Some Members of the Opposition said, if you believe in taxing the people, then we do not want these technology missions. May I ask them then how rapid progress is possible? How can the nation achieve the growth rate which they want the Government to achieve? If he wants to incur expenditure, then you say, we do not need that sort of technology mission. This is not a very responsible statement of the Members of the Opposition. This is the only way by which rural poverty can be ameliorated, rural growth can take place and when all our schemes under 20-Point Programme and various other national development programmes can be implemented. It is in order to remove poverty from villages, to remove unemployment from villages that we have established these five technology missions for which I congratulate the hon. Prime Minister and the Government because without it, you cannot remove poverty from this country. The success of these missions will bring the benefits of the science and technology to the ordinary man. It is indeed a sad reflection on our ability that in spite of our vast scientific and technological resources, we are still unable to provide drinking water, functional literacy and the basic necessities such as edible oils etc. etc. to our villagers. But, the key to all these problems is only a technological revolution in this country which does not find any appropriate appreciation from the hon. Members of the Opposition. I propose that there should be a closer interaction between Parliament and the technological missions. This is my first suggestion for the hon. Minister for Parliamentary Affairs to note down. Parliament should get full information of the working of the technological missions and should lend support to them in the implementation of the various schemes to be launched by them. Unless and until we get in close touch with those missions in their day-to-day working, we cannot have the supervisory jurisdiction over them which is the need of the hour. The President has also mentioned about the progress we have made in the areas of energy, electronics, nuclear power and remote sensing which are very important areas for the modernisation of the country.

Now, the hon. Leader of the C.P.I. (M) when he debated, expressed his misapprehensions about modernisation. What he means by modernisation or computerisation is, perhaps, mechanisation. (*Interruptions*) Modernisation and computerisation do not necessarily mean creation of unemployment, which was the basis of his misapprehension. Let me say here that I am against anything and everything which makes people unemployed or which creates unemployment. But when there is the need to provide people with necessities of life, of improving the living standards of the common man, if technology can help it, we must make use of it. We will make good use of it. In other words, we need to increase production through improved techniques and technology without creating unemployment, to make necessities available to the common man. This is what I call modernisation and not what the learned Leader of the Opposition said. You cannot stall everything in the name of unemployment. I am against unemployment. But you cannot stall everything by that bare argument. Modernisation is not mechanisation. We have to harness our mind forward. Unlike the thinly populated western countries, we cannot afford to make human beings redundant. But I am for all modernisation which aims at optimisation of the scarce resources and higher production and less wastage. I think this will clear the misapprehension of the hon. Member.

As far as industry is concerned, the emphasis is on upgradation of the skills of workers and better amenities for them. More and more jobs should be created for more and more workers. At the same time we need to modernise our decadent industry and means of production to create the highest standard of living for the common man. Computerisation should be a part of the modernisation process. We should use computers to increase efficiency and productivity and not for taking away such jobs which may be very well performed by our labour force. We should use computers in such a manner as would open more areas to employment. (*Time bell rings*)

